दैनिक भास्कर 12/01/2025

श्रीराम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत: डॉ. रोहित

भास्कर न्यूज | अम्बाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे हृदय में वास करते हैं और उनके आदर्श हमें जीवन में सही दिशा दिखाते हैं। श्रीराम केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और मर्यादा का प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के जीवन से जुड़े अध्याय हमारे देश के लिए एक विशेष महत्व रखते हैं और युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर सभी ने मिलकर भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद और मिठाई वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टाफ।